जून में औसत कारोबार दोगुना

शेयर बाजार में सुधार और नए निवेशकों के प्रवेश से बढ़ीं गतिविधियां

सुंदर सेतुरामन
मुंबई, 2 जुलाई

शेयर बाजार में बढ़ रहा कारोबार

- एनएसई में जून में रोजाना औसत कारोबार 61,400 करोड़ रुपये पर पहुंच गया और इस तरह से सालाना आधार पर उसमें 95 फीसदी की उछाल दर्ज हुई
- बीएसई में रोजाना औसत कारोबार जून, 2019 के मुकाबले दोगुना होकर 5,000 करोड़ रुपये पर पहुंच गया
- एक विशेषज्ञ ने कहा, जून में वॉल्यूम में बढ़ोतरी मुख्य रूप से बाजार के उतारचढ़ाव और मिड व स्मॉलकैप शेयरों को लेकर सकारात्मकता के कारण हुई
- साथ ही वर्क फ्रॉम होम भी क्लाइंटों को डिजिटल माध्यम से बाजार के साथ जुड़ने में मदद कर रहा है

एक ओर जहां अर्थव्यवस्था के ज्यादातर क्षेत्र दबाव का सामना कर रहे हैं, वहीं शेयर बाजार में गतिविधियां बढ़ गई हैं। नैशनल स्टॉक एक्सचेंज और बीएसई में नकदी बाजार में कारोबार जून में सालाना आधार पर करीब दोगुना हो गया। एनएसई में जून में रोजाना औसत कारोबार 61,400 करोड़ रुपये पर पहुंच गया और इस तरह से सालाना आधार पर उसमें 95 फीसदी की उछाल दर्ज हुई। बीएसई में रोजाना औसत कारोबार जून, 2019 के मुकाबले दोगुना होकर 5,000 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। यह जानकारी आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज की तरफ से संग्रहित आंकड़ों से मिली।

एक्सचेंज के प्लेटफॉर्म पर इक्विटी व करेंसी डेरिवेटिव और म्युचुअल फंड ट्रेडिंग भी वॉल्यूम के लिहाज से बेहतर रहा। विशेषज्ञों ने कहा, व्यापक बाजारों में खरीदारी का माहौल और नए निवेशकों के प्रवेश से वहां की गतिविधियां मजबूत रहीं।

मोतीलाल ओसवाल ब्रोकिंग ऐंड डिस्ट्रिब्यूशन के प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्याधिकारी अजय मेनन ने कहा, जून में वॉल्यूम में बढ़ोतरी मुख्य रूप से बाजार के उतारचढ़ाव और मिडकैप व स्मॉलकैप शेयरों को लेकर सकारात्मक अवधारणा के कारण हुई। साथ ही वर्क फ्रॉम होम भी क्लाइंटों को डिजिटल माध्यम से बाजार के साथ जुड़ने में मदद कर रहा है। विभिन्न ब्रोकिंग हाउस के कुल खातों में से करीब 60 फीसदी नए निवेशक हैं और उनमें से कई छोटे व मझोले शहरों के हैं।

विशेषज्ञों ने कहा, खाते का ऑनलाइन खुलना और सहूलियत भरा मोबाइल ऐप्लिकेशन नए निवेशकों को इक्विटी बाजार में प्रवेश में मदद कर रहा है।

क्रॉससीज कैपिटल सर्विसेज के प्रबंध निदेशक राजेश बहेती ने कहा, राष्ट्रीय स्तर पर लॉकडाउन की घोषणा के बाद से काफी लोग ट्रेडिंग में उतर गए। युवाओं के बीच ऑनलाइन खाता खोलने व ट्रेडिंग शुरू करने को लेकर जोश रहा। यह अनिवार्य तौर पर कोविड के बाद की प्रवृत्ति है और समय काटने के लिए इसकी शुरुआत हुई। इसके अतिरिक्त कीमतें भी मार्च में आकर्षक थीं और निवेशकों ने उस अवधि में कमाई, जिससे उनका उत्साह बढ़ा।

अब तक के सर्वोच्च स्तर से 40 फीसदी तक टूटने के बाद बाजार में तेज सुधार हुआ है। बेंचमार्क निफ्टी जून तिमाही में 20 फीसदी उछला, जो 11 साल की सबसे अच्छी तिमाही रही। साथ ही स्मॉल व मिडकैप शेयरों में भी भारी बढ़ोतरी देखने को मिली।

इक्विटी डेरिवेटिव में एनएसई की एकाधिकार वाली स्थिति है और जून में वहां रोजाना औसत कारोबार सालाना आधार पर 23 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 16.7 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

चूड़ीवाला सिक्योरिटीज के प्रबंध निदेशक आलोक चूड़ीवाला ने कहा, लॉकडाउन में बढ़ोतरी लोगों को व्याकुल बना रहा है। वॉल्यूम में काफी बढ़ोतरी हुई क्योंकि खाता खोलने से लेकर ट्रेडिंग की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन उपलब्ध है। नए निवेशकों की बाजार में दिलचस्पी दिखी। साथ ही नई पीढ़ी के निवेशक डेरिवेटिव ट्रेडिंग में भी हाथ आजमा रहे हैं।

ऐक्सिस बैंक को 15,000 करोड़ रु. जुटाने के लिए बोर्ड की मंजूरी

सुब्रत पांडा
मुंबई, 2 जुलाई

ऐक्सिस बैंक ने अपना पूंजी आधार बढ़ाने के लिए कई प्रतिभूतियों के जरिए 15,000 करोड़ रुपये तक जुटाने की योजना बनाई है। गुरुवार को हुई बैठक में निजी बैंक के निदेशक मंडल ने इक्विटी शेयर/डिपॉजिटरी रिसीट्स या अन्य प्रतिभूतियों के जरिए पूंजी जुटाने की इस योजना को मंजूरी दे दी।

ये प्रतिभूतियां या तो इक्विटी शेयर या इक्विटी शेयर से जुड़ी हुई परिवर्तनीय प्रतिभूतियां हो सकती हैं। यह काम पात्र संस्थागत नियोजन, अमेरिकी डिपॉजिटरी रिसीट्स, ग्लोबल डिपॉजिटरी रिसीट्स कार्यक्रम, तरजीही आवंटन या अन्य जरिये या इनमें से किसी दो तरीके से हो सकता है, जिसे बोर्ड उपयुक्त बताए। बैंक ने एक्सचेंज को भेजी सूचना में ये बातें कहीं।

विश्लेषकों और रेटिंग एजेंसियों ने संकेत दिया है कि ऐसे अनिश्चित माहौल में भारतीय बैंकों को और पूंजी की दरकार होगी और निकट भविष्य में उनकी गैर-निष्पादित आस्तियां बढ़ सकती हैं क्योंकि कोरोनावायरस महामारी और उसके बाद हुए लॉकडाउन से आर्थिक गतिविधियों पर काफी अवरोध खड़ा हुआ। रेटिंग एजेंसी फिच ने कहा है कि भारतीय बैंकों को दबाव वाले परिदृश्य में कम से कम 15 अरब डॉलर की पूंजी की दरकार होगी ताकि वह 10 फीसदी भारांकित औसत कॉमन इक्विटी टियर-1 अनुपात पूरा कर सके। उच्च दबाव वाले हालात में यह रकम बढ़कर 58 अरब डॉलर तक पहुंच सकती है।

एचडीएफसी बैंक ने हाल में कहा है कि उसे अतिरिक्त टियर-1 व टियर-2 बॉन्ड के जरिये 50,000 करोड़ रुपये जुटाने की मंजूरी निदेशक मंडल से मिल गई है। पिछले महीने आईसीआईसीआई बैंक ने जीवन बीमा इकाई आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल और गैर-जीवन बीमा इकाई आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस की हिस्सेदारी बेची और उसके जरिए 3,000 करोड़ रुपये से ज्यादा जुटाए ताकि पूंजी के मोर्चे पर और सहजता हो।

एक अन्य निजी बैंक कोटक महिंद्रा बैंक ने इस साल मई में क्यूआईपी के जरिये 7,000 करोड़ रुपये से ज्यादा जुटाए। इसी तरह आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने मई में कहा था कि उशकी योजना प्रवर्तक समेत निवेशकों से 2,000 करोड़ रुपये की इक्विटी पूंजी जुटाने की है। देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई ने भी बॉन्डों के जरिये 1.5 अरब डॉलर तक जुटाने के लिए बोर्ड की मंजूरी हासिल की है।

ऐक्सिस बैंक यूके का परिचालन होगा बंद

बीएस संवाददाता
मुंबई, 2 जुलाई

निजी क्षेत्र के ऐक्सिस बैंक ने अपनी सहायक ऐक्सिस बैंक यूके लिमिटेड का परिचालन बंद करने का फैसला लिया है और वह अप्रैल 2021 के आखिर तक बैंकिंग लाइसेंस सरेंडर करने पर विचार कर रहा है। बैंक ब्रिटेन के नियामकों से इस संबंध में बातचीत कर रहा है। बैंक अब भारतीय बैंकिंग बाजार पर ध्यान केंद्रित करना चाहता है और कुछ समय से अंतरराष्ट्रीय रणनीति की समीक्षा कर रहा था। बैंक ने एक्सचेंज को सूचित किया, संगठन के तौर पर बैंक अपने सभी हितधारकों को अधिकतम वैल्यू देने के लिए बचनबद्ध है, जो बैंक के मूल सिद्धांतों और स्थानीय नीतियों के मुताबिक होगा। पूरी प्रक्रिया के दौरान ऐक्सिस बैंक यूके लिमिटेड के अपने सभी कर्मचारियों और ग्राहकों के साथ पूरी पारदर्शिता सुनिश्चित करेगा।

आईएलऐंडएफएस एसपीवी के उन्नयन के बाद बिड़ला की योजनाओं में तेजी

जश कृपलानी
मुंबई, 2 जुलाई

बिड़ला सन लाइफ म्युचुअल फंड की चार योजनाओं के एनएवी में बुधवार को तेजी दर्ज हुई क्योंकि केयर रेटिंग्स ने आईएलऐंडएफएस के एसपीवी झारखंड रोड प्रोजेक्ट्स इंप्लिमेंटेशन कंपनी को अपग्रेड कर दिया। सबसे ज्यादा उछाल बिड़ला मीडियम टर्म प्लान के एनएवी में देखने को मिली, जिसमें बुधवार को 3.98 फीसदी की तेजी आई। उसके बाद बिड़ला डायनेमिक बॉन्ड फंड में 0.9 फीसदी, बिड़ला क्रेडिट रिस्क फंड में 0.6 फीसदी और बिड़ला शॉर्ट टर्म प्लान के एनएवी में 0.4 फीसदी की तेजी देखने को मिली।

केयर रेटिंग्स ने मंगलवार को झारखंड रोड प्रोजेक्ट्स इंप्लिमेंटेशन कंपनी के ऋणपत्र को अपग्रेड कर डी (डिफॉल्ट श्रेणी) से सी कर दिया। इसके साथ ही तीनों रेटिंग एजेंसियों क्रिसिल, इंडिया रेटिंग्स और केयर ने इस प्रतिभूति की रेटिंग सी कर दी है।

बाह्य मूल्यांकन एजेंसी मैट्रिक्स के मुताबिक, इस प्रतिभूति का मूल्यांकन अब 65 फीसदी होगा जो पहले के मूल्यांकन में 50 फीसदी था। किसी कंपनी की कर्ज व ब्याज भुगतान की क्षमता के आधार पर एनसीएलएटी ने आईएलऐंडएफएस व उसकी समूह कंपनियों को तीन श्रेणी में वर्गीकृत किया था - ग्रीन, अंबर और रेड।

पहले झारखंड रोड प्रोजेक्ट्स इंप्लिमेंटेशन कंपनी को अंबर श्रेणी में रखा गया था। हालांकि बाद में एनसीएलएटी ने उसे पुनर्वर्गीकृत कर ग्रीन कर दिया है और इस तरह से कंपनी को कर्ज की देनदारी पूरा करने की अनुमति दी है।

बीएस बातचीत

फॉर्च्यून के लिए हमारे पास बड़ी योजनाएं

आरपी-संजीव गोयनका (आरपीएसजी) समूह ने फॉर्च्यून पत्रिका की प्रकाशक फॉर्च्यून मीडिया ग्रुप के साथ समझौता किया है। इस पत्रिका का पहला संस्करण एबीपी समूह के साथ भागीदारी में 2010 में शुरू किया गया था। एक साक्षात्कार में आरपी-एसजी चेयरमैन **संजीव गोयनका ने ईशिता आयान दत्त** को बताया कि हमने भारत में फॉर्च्यून के लिए महत्वाकांक्षी योजनाएं तैयार की हैं। पेश हैं बातचीत के मुख्य अंश:

आपको महामारी के दौरान पत्रिका में निवेश करने का विचार दिमाग में कैसे आया?
महामारी हमेशा नहीं रहेगी। मेरा मानना है कि फॉर्च्यून मीडिया से जुड़ा प्रतिष्ठित ब्रांड है और यही वजह है कि मैंने इसमें दिलचस्पी दिखाई है। मैं हमेशा से यह मानता रहा हूं कि हम मीडिया में अपनी दिलचस्पी बढ़ाएंगे और अब एक सही ब्रांड, सही उत्पाद और सही समय पर इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इसलिए, हमने भारत में फॉर्च्यून का प्रकाशन करने के लिए कल फॉर्च्यून-यूएसए के साथ समझौता किया। यह हमारे लिए ओपन के बाद दूसरी पत्रिका होगी। ओपन को शुरू किए 10 साल हो चुके हैं और इसने खास पहचान बनाई है। हमने फॉर्च्यून के लिए कई योजनाएं बनाई हैं।

ये योजनाएं क्या हैं?
हमने योजनाएं तैयार की हैं, लेकिन इनकी घोषणा से पहले टीम के साथ इनकी पुष्टि करने की जरूरत होगी और इस कार्य में चार से छह सप्ताह लगेंगे।

क्या आप डिजिटल योजना के बारे में विस्तार से बता सकते हैं?
फॉर्च्यून का डिजिटल वर्जन होगा और ओपन को भी डिजिटल वर्जन के साथ पेश किया जाएगा। हम डिजिटल मीडिया क्षेत्र में अधिग्रहण सौदा करने के भी नजदीक हैं। यह जुलाई में या अभी अगले सप्ताह हो सकता है। हम लाइफस्टाइल स्पेस में भी हाथ आजमाना चाहते हैं।

क्या डिजिटल अधिग्रहण समाचार क्षेत्र में होगा?
हां, यह समाचार क्षेत्र में है।

क्या आप मानते हैं कि खासकर मौजूदा महामारी के दौर में डिजिटल का जोर बढ़ा है?
डिजिटल क्षेत्र मीडिया का बेहद महत्वपूर्ण हिस्सा होगा। मैं इसे लेकर आश्वस्त नहीं हूं कि क्या यह प्रिंट की लागत पर होगा, लेकिन यह बेहद महत्वपूर्ण होगा और निश्चित तौर पर इसे लोकप्रियता मिलेगी। महामारी के समय में यह ज्यादा जरूरी भी हो गया है। इसलिए, हमारी प्रमुख डिजिटल उपस्थिति होगी। अधिग्रहण जल्द होगा, लेकिन इस बारे में टीम योजना बनाई है। हमने कुछ नियुक्तियां की हैं।

लेकिन आप टेलीविजन चैनलों और अखबारों के अधिग्रहण को इच्छुक थे। उन योजनाओं का क्या हुआ?
मैं अभी भी इसे लेकर उत्साहित हूं। मेरा हमेशा से यह मानना रहा है कि मैं अपना मीडिया व्यवसाय बढ़ाउंगा और मौजूदा कदम उसी दिशा में उठाए गए हैं। आखिरकार, हम इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में भी जगह बनाएंगे।

हीरो फिनकॉर्प की डाउनग्रेडिंग के लिए समीक्षा बाद में होगी

रेटिंग एजेंसी मूडीज हीरो फिनकॉर्प लिमिटेड की बीएए-3 स्थानीय व विदेशी मुद्रा जारी करने वाली रेटिंग की समीक्षा बाद में करेगी। एजेंसी ने रेटिंग की समीक्षा 13 अप्रैल, 2020 को शुरू की थी। उम्मीद थी कि कर्ज का भुगतान न मिलने व डिफॉल्ट के कारण कंपनी की परिसंपत्ति गुणवत्ता खराब होगी। रेटिंग एजेंसी ने कहा, कुछ ग्राहक व कारोबार भुगतान के लिए संघर्ष करेंगे क्योंकि कोरोनावायरस महामारी के कारण पैदा हुए कारोबारी अवरोध से उनकी आय घटेगी। हीरो फिनकॉर्प की कुल परिसंपत्ति मार्च, 2020 में 25,600 करोड़ रुपये थी। एजेंसी रेटिंग की समीक्षा तब करेगी जब उसके पास कंपनी को मिलने वाले भुगतान व परिसंपत्ति गुणवत्ता पर कोविड-19 से पड़े आर्थिक अवरोध पर सूचना होगी। एजेंसी कंपनी की फंड तक पहुंच और अगले 12 से 18 महीने में नकदी संरक्षित रखने की क्षमता की भी समीक्षा करेगी। *बीएस*

हिताची एबीबी पावर ग्रिड के जेवी की नजर डिजिटल नवाचार पर

ज्योति मुकुल
नई दिल्ली, 2 जुलाई

हिताची एबीबी पावर ग्रिड्स संयुक्त उद्यम सौदे को औपचारिक तौर पर बंद करने के साथ ही कंपनी डिजिटल नवाचार के साथ पावर सिस्टम प्रौद्योगिकी की एकीकृत सेवा उपलब्ध कराने की स्थिति में होगी। भारत में कंपनी पावर सिस्टम से इतर मोबिलिटी, बिजलीकरण एवं सार्वजनिक रैपिड परिवहन प्रणाली आदि क्षेत्रों में वृद्धि की संभावनाएं तलाश रही है।

हिताची एबीबी पावर ग्रिड्स के भारत में प्रबंध निदेशक एवं क्षेत्रीय प्रमुख (दक्षिण एशिया) एन वेणु ने बिजनेस स्टैंडर्ड से बातचीत में कहा कि कोविड-19 के बाद जनवरी 2021 तक कारोबार सामान्य हो सकता है। उन्होंने कहा कि भारत में पांच जगहों पर कंपनी के 16 विनिर्माण संयंत्र फिलहाल 90 फीसदी क्षमता पर परिचालन में हैं।

परिशिष्ट IV
देखें नियम 8(1)
कब्जा सूचना
(अचल संपत्ति हेतु)

जब कि,
इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड (आईएचएफएल) प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्योरीटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अंतर्गत और नियम 3 के साथ धारा 13(12) के साथ सिक्योरीटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, 2002 के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार काजल वाधवानी प्रोपराइटर अनीश हार्डवेअर और हरिश कुमार वाधवानी को 27.09.2019 की सूचना में वर्णन के अनुसार कर्ज खाता नं.A045XII (पहले लोन खाता नंबर HHLBHP00362269) की राशि रू.30,81,820/- (रुपए तीस लाख इक्यासी हजार आठ सौ बीस मात्र) 27.09.2019 के अनुसार और उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ती की तारीख से स्पष्ट 60 दिनों के भीतर चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी। इसके अलावा आईएचएफएल द्वारा दिनांक 31.12.2019 के असाइनमेंट करार द्वारा इंडियाबुल्स एआरसी-XII के ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में इंडियाबुल्स एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड के पक्ष में उपरोक्त सभी ऋणो के अधिकार, शीर्षक और इन्ट्रेस्ट को सौंपा गया है

धनराशि चुकता करने में कर्जदारों के असफल रहने पर एतद्द्वारा कर्जदार और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा 13 की उप धारा 4 के साथ उक्त कानून के नियम 8 के तहत सिक्योरीटी ईन्ट्रेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, 2002 के तहत प्राप्त अधिकारों का कार्यान्वयन करके 02.07.2020 को संपत्ति पर सांकेतिक आधिपत्य कर लिया है।

विशेषत: कर्जदारों और सामान्यत: जनता को एतद्द्वारा संपत्ति के साथ सौदा नहीं करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी सौदा राशी रू.30,81,820/- (रुपए तीस लाख इक्यासी हजार आठ सौ बीस मात्र) 27.09.2019 के अनुसार और उस पर ब्याज के साथ इंडियाबुल्स एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड के आधीन होगा.

उधारकर्ताओं का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप - धारा (8) के अन्तर्गत संपत्ति / संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय की ओर आमंत्रित किया जाता है।

अचल संपत्ति का विवरण

युनिट/फ्लैट नं.बी-5/203, दुसरी मंजिल पर जिसका बिल्ट अप एरिया 1428 स्के.फीट और सुपर बिल्ट अप एरिया 1928 स्के.फीट कॉरल वूड कॉम्पलेक्स के ब्लॉक बी-5 में, गाँव मिसरोड में स्थित, हौशंगाबाद रोड, तहसील हुजूर, भोपाल- 462001, मध्य प्रदेश और जो निम्नुसार परिबद्ध है:

पूर्व में : ड्राइववे
उत्तर : फ्लैट नं.बी4/204
पश्चिम में : फ्लैट नं.बी5/202
दक्षिण : कौरिडोर के बाद फ्लैट नं.बी5/204

सही/-
प्राधिकृत अधिकारी
इंडियाबुल्स एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड
इंडियाबुल्स एआरसी-XII के ट्रस्टी की ओर से

दिनांक: 02.07.2020
स्थान :भोपाल

HDFC BANK
We understand your world

प्रधान कार्यालय : एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापती बापट मार्ग, लोवर परेल (पश्चिम) मुम्बई - 400 013
क्षेत्रीय कार्यालय : एचडीएफसी बैंक लि., डिपार्टमेंट फॉर स्पेशल ऑपरेशन्स, सावित्री, 597-3/2, जी.सी.एफ. रोड़, सिविल लाईन, जबलपुर (म.प्र.) - 482001.

ई-नीलामी विक्रय सूचना

अचल संपत्तियों की ई-नीलामी बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत बैंक को बंधक अचल परिसंपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी की बिक्री सूचना।

जैसा कि, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्ननिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत जारी मांग सूचना के अनुपालन में बैंक के बकाए नीचे वर्णित ब्याज की वसूली के लिए उसकी बिक्री करने के अधिकार के साथ एचडीएफसी बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्नलिखित ऋण खाताओं में निम्नलिखित संपत्तियों का भौतिक अधिग्रहण कर लिया है तथा ऋणी(यों)/बंधककर्ता(ओं)/जमानतदार(रों) द्वारा उसके भुगतान में विफलता के बाद उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बैंक के बकाया की वसूली के लिए अधोहस्ताक्षरी **''जैसा है जहां है, जो भी वहां है तथा बिना सहारा के आधार पर''** उसकी बिक्री का प्रस्ताव करते हैं। नीचें दी गई संपत्तियों की बिक्री ई-नीलामी के माध्यम से वेब पोर्टल **https://www.bankeauctions.com** पर आयोजित की जावेगी।

अचल संपत्तियों का विवरण/ खाते/ राशि/ ईएमडी/ इत्यादी का विवरण

क्रं.	शाखा एवं खाता का नाम	संपत्ति के बंधककर्ता एवं जमानतदारों के नाम	समान बंधक संपत्ति का विवरण	मांग सूचना के अनुसार राशि मांग सूचना दिनांक	निरीक्षण की तिथी एवं समय	आरक्षित मूल्य ईएमडी बोली बढ़ाने की राशि	ई-नीलामी की तिथी/समय	बोली प्राप्ती हेतु अंतिम तिथी	प्राधिकृत अधिकारी का नाम/ फोन नं./ ई-मेल आईडी
1.	**शाखा** - अशोक नगर एवं खाता - **आजाद कुमार सुनील कुमार**	**श्री अनिल कुमार जैन एवं श्रीमती संगीता जैन**	1. मकान नं. 120, वार्ड नं. 13, बजरिया मोहल्ला, प्रोसेशन रोड, लल्लिराम गली, अशोक नगर, मध्य प्रदेश, संपत्ति मालिक श्रीमती संगीता जैन	रु. 11,47,617.19 दिनांक 28/12/2016	10/08/2020 एवं समय- प्रात: 10.00 बजे के बाद	रु. 6,68,000/- रु. 67,000/- रु. 10,000/-	24/08/2020 प्रात: 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक	20/08/2020 सायं 4 बजे तक	आशिष रावत Ashish.rawat9@hdfcbank.com
			2. प्लाट नं. 187, वार्ड नं. 13, पटवारी हल्का नं. 28, लल्लिराम गली, अशोक नगर, मध्यप्रदेश, संपत्ति मालिक श्री अनिल कुमार जैन			रु. 12,00,000/- रु. 1,20,000/- रु. 20,000/-			

नियम एवं शर्ते
1. ई-नीलामी **''जैसा है जहां है, जो भी वहां है तथा बिना सहारा के आधार पर''** आयोजित की जा रही है।
2. इच्छुक बोलीदाता को लागिन आईडी एवं पासवर्ड के माध्यम से वेबपोर्टल **https://www.bankeauctions.com** पर ईएमडी के विवरणों तथा दस्तावेजों को जमा करना होगा (यूजर आईडी तथा पासवर्ड **https://www.bankeauctions.com** पर नाम पंजीकृत कर नि:शुल्क प्राप्त किया जा सकता है) ईएमडी का भुगतान अधोलिखित खाता नं. : 02400930000063, खाता का नाम : FUNDS TO BE CLEARED : DOC SERV, लाभार्थी का नाम : एचडीएफसी बैंक लि., आईएफएससी कोड : HDFC0000240 में एनईएफटी/आरटीजीएस द्वारा करना होगा। कृपया ध्यान दें कि चेक/डिमांड ड्राफ्ट ईएमडी राशि के रुप में स्वीकार नहीं किए जायेंगे।
3. प्राधिकृत अधिकारी की सर्वश्रेष्ठ जानकारी में बैंक के रिकॉर्ड अनुसार संपत्ति पर कोई भार अर्थात संविधिक बकाया जैसे संपत्ति कर, सोसायटी बकाया आदि नहीं है। फिर भी बैंक, आदि कोई हो किसी भी वर्तमान/भूतकाल/भविष्य बकाया असंविधिक बकाया/संविधिक बकाया/अधिभारों/करों के बकाए के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। इच्छुक बोलीदाता अधिभारों, संपत्ति/यों के टाइटल के विषय में अपनी स्वतंत्र जांच कर स्वयं को संतुष्ट कर लें। **संपत्ति का निरिक्षण उपर वर्णित तिथी एवं समय में ही किया जा सकता है।**
4. ईएमडी जमा किए होने वाले इच्छुक बोलीदाताओं जिन्हे लॉगीन आईडी एवं पासवर्ड बनाने, डेटा अपलोड करने, बोली जमा करने, ई-नीलामी प्रक्रिया पर प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए सहयोग अपेक्षित हो, वे हमारे सेवा प्रदाता **मे. सी 1 इंडिया प्रा. लि., प्लाट नं. 301, गल्फ पेट्रोकेम बिल्डिंग, उद्योग विहार, फेज-2, गुड़गांव, हेल्पलाईन नं. 0124-4302020/ 21/22/23/24, श्री दानिश खान, मोबाईल : 09826804343, 09111444797 एवं श्री हरीश गोवडा मो.: 09594597555,** हेल्पलाईन ई-मेल आईडी : **support@bankeauctions.com** से संपर्क करें तथा संपत्ति संबंधि पूछताछ के लिए उपरोक्त संबंधित प्राधिकृत अधिकारी से कार्यालय अवधि (प्रात: 10.00 बजे से 5.00 बजे) के दौरान कार्यदिवसों को संपर्क करें।
5. उच्चतम बोली एचडीएफसी बैंक लिमिटेड की स्वीकृती के अधीन होगी। प्राधिकृत अधिकारी को उसका कोई भी कारण बताए बिना प्राप्त किए गए किसी भी प्रस्तावों/बोलियों को स्वीकार/निरस्त करने का अधिकार है। उनका निर्णय अंतिम तथा मान्य होगा।
6. **(विस्तृत नियमों एवं शर्तो के लिए कृपया हमारी वेबसाईट www.hdfcbank.com तथा www.bankeauctions.com देखें)**

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के तहत सांविधिक 30 दिनी बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6)/ नियम 9(1) के अंतर्गत ऋणियों एवं जमानतदारों को उपर लिखी गयी तिथि पर ई-नीलामी करने की सूचना के रुप में भी समझा जाएगा। ऋणी/जमानतदारों/बंधककर्ताओं को एतद्वारा नीलामी से 30 दिन पूर्व उपरोक्त अनुसार अद्यतन ब्याज और सहायक व्ययों सहित भुगतान करने के लिए अधिसूचित किया जाता है, अन्यथा संपत्ति की नीलामी/बिक्री की जायेगी और बकाया देय राशि यदि कोई हो, की वसूली ब्याज और लागत सहित की जायेगी।

प्राधिकृत अधिकारी
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

दिनांक : 03/07/2020, स्थान : अशोक नगर, मध्य प्रदेश

HDFC BANK
We understand your world

प्रधान कार्यालय : एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापती बापट मार्ग, लोवर परेल (पश्चिम) मुम्बई - 400 013
क्षेत्रीय कार्यालय : एचडीएफसी बैंक लि., डिपार्टमेंट फॉर स्पेशल ऑपरेशन्स, सावित्री, 597-3/2, जी.सी.एफ. रोड़, सिविल लाईन, जबलपुर (म.प्र.) - 482001.

ई-नीलामी विक्रय सूचना

अचल संपत्तियों की ई-नीलामी बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत बैंक को बंधक अचल परिसंपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी की बिक्री सूचना।

जैसा कि, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्ननिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत जारी मांग सूचना के अनुपालन में बैंक के बकाए नीचे वर्णित ब्याज की वसूली के लिए उसकी बिक्री करने के अधिकार के साथ एचडीएफसी बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्नलिखित ऋण खाताओं में निम्नलिखित संपत्तियों का भौतिक अधिग्रहण कर लिया है तथा ऋणी(यों)/बंधककर्ता(ओं)/जमानतदार(रों) द्वारा उसके भुगतान में विफलता के बाद उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बैंक के बकाया की वसूली के लिए अधोहस्ताक्षरी **''जैसा है जहां है, जो भी वहां है तथा बिना सहारा के आधार पर''** उसकी बिक्री का प्रस्ताव करते हैं। नीचें दी गई संपत्तियों की बिक्री ई-नीलामी के माध्यम से वेब पोर्टल **https://www.bankeauctions.com** पर आयोजित की जावेगी।

अचल संपत्तियों का विवरण/ खाते/ राशि/ ईएमडी/ इत्यादी का विवरण

क्रं.	शाखा एवं खाता का नाम	संपत्ति के बंधककर्ता एवं जमानतदारों के नाम	समान बंधक संपत्ति का विवरण	मांग सूचना के अनुसार राशि मांग सूचना दिनांक	निरीक्षण की तिथी एवं समय	आरक्षित मूल्य ईएमडी बोली बढ़ाने की राशि	ई-नीलामी की तिथी/समय	बोली प्राप्ती हेतु अंतिम तिथी	प्राधिकृत अधिकारी का नाम/ फोन नं./ ई-मेल आईडी
1.	**शाखा** - गंजबासोदा एवं खाता - **बी के एंड संस, प्रोप्रा. श्री भानू कुमार जैन द्वारा प्रतिनिधित्व**	**श्री रोहित जैन एवं श्री गौरव जैन**	वार्ड नं. 03, 295/6 में मकान, मकान नं. 15, अटल बिहारी कॉलोनी, नेहरु चौक, शिवाजी नगर, स्टेशन मेन रोड़, क्षेत्रफल 48.5*17.5 =848.75 वर्गफीट, गंज बासोदा, जिला-विदिशा (म.प्र.) - 464221 स्थित संपत्ति।	रु. 49,78,209.03 दिनांक 15/06/2017	14/07/2020 एवं समय- प्रात: 10.00 बजे के बाद	रु. 42,01,000/- रु. 4,20,000/- रु. 1,00,000/-	21/08/2020 से दोपहर 01 बजे से 03 बजे तक	14/08/2020 सायं 4 बजे तक	आशिष रावत Ashish.rawat9@hdfcbank.com

नियम एवं शर्ते
1. ई-नीलामी **''जैसा है जहां है, जो भी वहां है तथा बिना सहारा के आधार पर''** आयोजित की जा रही है।
2. इच्छुक बोलीदाता को लागिन आईडी एवं पासवर्ड के माध्यम से वेबपोर्टल **https://www.bankeauctions.com** पर ईएमडी के विवरणों तथा दस्तावेजों को जमा करना होगा (यूजर आईडी तथा पासवर्ड **https://www.bankeauctions.com** पर नाम पंजीकृत कर नि:शुल्क प्राप्त किया जा सकता है) ईएमडी का भुगतान अधोलिखित खाता नं. : 02400930000063, खाता का नाम : ONLINE AUCTION ACCOUNT-02400930000063, लाभार्थी का नाम : एचडीएफसी बैंक लि., आईएफएससी कोड : HDFC0000240 में एनईएफटी/आरटीजीएस द्वारा अथवा एचडीएफसी बैंक लि. खाता नं. : 02400930000063 के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से उपरोक्त तालिका में उल्लेखित तारिखों से पहले सायं 4.00 बजे तक करना होगा। कृपया ध्यान दें कि चेक ईएमडी राशि के रुप में स्वीकार नहीं किए जायेंगे।
3. प्राधिकृत अधिकारी की सर्वश्रेष्ठ जानकारी में बैंक के रिकॉर्ड अनुसार संपत्ति पर कोई भार अर्थात संविधिक बकाया जैसे संपत्ति कर, सोसायटी बकाया आदि नहीं है। फिर भी बैंक, आदि कोई हो किसी भी वर्तमान/भूतकाल/भविष्य बकाया असंविधिक बकाया/संविधिक बकाया/अधिभारों/करों के बकाए के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। इच्छुक बोलीदाता अधिभारों, संपत्ति/यों के टाइटल के विषय में अपनी स्वतंत्र जांच कर स्वयं को संतुष्ट कर लें। **संपत्ति का निरिक्षण उपर वर्णित तिथी एवं समय में ही किया जा सकता है।**
4. ईएमडी जमा किए होने वाले इच्छुक बोलीदाताओं जिन्हे लॉगीन आईडी एवं पासवर्ड बनाने, डेटा अपलोड करने, बोली जमा करने, ई-नीलामी प्रक्रिया पर प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए सहयोग अपेक्षित हो, वे हमारे सेवा प्रदाता **मे. सी 1 इंडिया प्रा. लि., प्लाट नं. 301, गल्फ पेट्रोकेम बिल्डिंग, उद्योग विहार, फेज-2, गुड़गांव, हेल्पलाईन नं. 0124-4302020/ 21/22/23/24, श्री दानिश खान, मोबाईल : 09826804343, 09111444797 एवं श्री हरीश गोवडा मो.: 09594597555,** हेल्पलाईन ई-मेल आईडी : **support@bankeauctions.com** से संपर्क करें तथा संपत्ति संबंधि पूछताछ के लिए उपरोक्त संबंधित प्राधिकृत अधिकारी से कार्यालय अवधि (प्रात: 10.00 बजे से 5.00 बजे) के दौरान कार्यदिवसों को संपर्क करें।
5. उच्चतम बोली एचडीएफसी बैंक लिमिटेड की स्वीकृती के अधीन होगी। प्राधिकृत अधिकारी को उसका कोई भी कारण बताए बिना प्राप्त किए गए किसी भी प्रस्तावों/बोलियों को स्वीकार/निरस्त करने का अधिकार है। उनका निर्णय अंतिम तथा मान्य होगा।
6. **(विस्तृत नियमों एवं शर्तो के लिए कृपया हमारी वेबसाईट www.hdfcbank.com तथा www.bankeauctions.com देखें)**

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के तहत सांविधिक 30 दिनी बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6)/ नियम 9(1) के अंतर्गत ऋणियों एवं जमानतदारों को उपर लिखी गयी तिथि पर ई-नीलामी करने की सूचना के रुप में भी समझा जाएगा। ऋणी/जमानतदारों/बंधककर्ताओं को एतद्वारा नीलामी से 30 दिन पूर्व उपरोक्त अनुसार अद्यतन ब्याज और सहायक व्ययों सहित भुगतान करने के लिए अधिसूचित किया जाता है, अन्यथा संपत्ति की नीलामी/बिक्री की जायेगी और बकाया देय राशि यदि कोई हो, की वसूली ब्याज और लागत सहित की जायेगी।

प्राधिकृत अधिकारी
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

दिनांक : 03/07/2020, स्थान : गंजबासोदा, मध्य प्रदेश